मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 257 ■ रविवार, 5 जनवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe





पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..


## उर्वशी रौतेला का नया गाना देख भड़के फैंस

## संक्षेप...

### चाइनीज मांझा में फंसे कबूतर को बचाया



**भिवंडी.** मकर संक्रांति पर्व के दौरान पतंग उड़ाने में प्रयुक्त होने वाला चाइनीज मांझा अक्सर पक्षियों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित होता है. चाइनीज मांझा मांजा प्रतिबंधित है. भिवंडी में एक कबूतर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे में फंसकर ऊंचे बादाम के पेड़ पर अटक गया.घटना भिवंडी शहर के ताडाली नाका क्षेत्र की है.यहां लोगों ने पेड़ की शाखा पर पतंग के मांझे में एक कबूतर फंसा हुआ देखा. राहगीरों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को जानकारी दी.अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची और अपनी कुशलता का परिचय देते हुए कबूतर को मांझे और पेड़ की शाखाओं से सुरक्षित बाहर निकाला. उसके पैरों में फंसे मांझे को सावधानी से काटकर मुक्त किया गया. स्थानीय नागरिकों ने अग्निशमन विभाग की कार्रवाई की सराहना की.

# अंबरनाथ सहायक निबंधक का लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

- अधिकारी चेतन चौधरी पर भी अपराध दर्ज
- इमारत सोसायटी स्थापना के लिए 60 हजार की रिश्वत लेने का मामला



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ** . अंबरनाथ के सहायक निबंधक के वरिष्ठ क्लर्क विजयसिंह पाटिल को एंटी करप्शन ब्यूरो ठाणे ने जाल बिछाकर शुक्रवार रात में 60 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है. सहायक निबंधक सहकारी संस्था अंबरनाथ के अधिकारी चेतन चौधरी पर भी अपराध दर्ज किया गया है. एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत कर्ता ने ये बताया कि लोकसेवक पाटिल ने स्वतः के लिए एवं वरिष्ठ के लिए इमारत के गृहनिर्माण संस्था (सोसायटी) स्थापना के लिए 70 हजार रुपए की रिश्वत मांगी. ऐसी शिकायत 3 जनवरी को एसीबी को मिलने के बाद विजयसिंह पाटिल ने शिकायतकर्ता से कम ज्यादा करके 60 हजार रुपए रिश्वत मांगी है. जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद उसी रात में पाटिल को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया. पाटिल ने शिकायतकर्ता को रकम लेने के लिए बदलापुर पूर्व में बुलाया था. 3 जनवरी की रात में पाटिल को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन ने जाल बिछाया. पाटिल ने पंच के समक्ष 60 हजार रुपए रिश्वत लिया. ब्यूरो ने जांच में पाया कि लोकसेवक अधिकारी चेतन पाटिल सहायक निबंधक ने रिश्वत लेने के लिए पाटिल को प्रोत्साहन दिया था. इसलिए चेतन चौधरी को भी आरोपी बनाया गया है.

पाटिल को ब्यूरो को अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है. बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज कर लिया गया है, जिसमें चेतन चौधरी को पहला आरोपी और विजयसिंग पाटिल को दूसरा आरोपी बनाया गया है.

## शाहपुर ग्राम पंचायत अधिकारी 3000 की रिश्वत लेते धराया

**कल्याण.** शहापुर में वरस्कोल ग्रुप ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश गणेश राठौड़ को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने 3,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उन पर लंबित कार्य के संबंध में पत्र जारी करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है।

सुरेश गणेश राठौड़ (41) शहापुर के पंडित नाका इलाके में रहते हैं। वह शाहपुर में वरस्कोल ग्रुप ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी के रूप में काम करते हैं। सुरेश ने लंबित कार्य से संबंधित पत्र देने के लिए शिकायतकर्ता से 5,000 रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में 1 जनवरी को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटिल के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम ने 2 जनवरी को शिकायत का सत्यापन किया।

पता चला कि सुरेश ने लंबित कार्य से संबंधित पत्र के लिए 5,000 रुपये की मांग की थी और समझौता होने के बाद वह 3,000 रुपये लेने पर सहमत हो गया था। इसके बाद 3 जनवरी को पुलिस की एक टीम ने जाल बिछाया और सुरेश को शिकायतकर्ता से 3,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया, ऐसा ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने बताया।

## कोणार्क कंपनी के डंपर ने बच्चे का पैर कुचला







- लोगों में आक्रोश

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। कोणार्क कंपनी के डंपर ने खेलते समय एक सात वर्षीय बच्चे के पैर को कुचल दिया, जिससे उसकी एक टांग कट गई।

आकाश कॉलोनी, कैंप नंबर 5 इलाके में एक अनधिकृत डंपिंग ग्राउंड है. जहां हर दिन सैकड़ों डंपर-ट्रक कचरा डालने के लिए आते हैं। शनिवार को दोपहर के समय गणेश चव्हाण नाम का एक छोटा बच्चा खेल रहा था. तभी एक ट्रक ड्राइवर ने उसके पैर को बुरी तरह से कुचल दिया और उसकी टांग मौके पर ही टूट गई। इसके बाद दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया.

इस घटना के बाद नागरिकों में भारी आक्रोश है. लोग मांग कर रहे हैं कि इस अनधिकृत डंपिंग ग्राउंड को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए। साथ ही ड्राइवर को गिरफ्तार करने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की जा रही है.

## नौकरी का झांसा देकर महिला से बलात्कार



**बदलापुर.** बदलापुर में नौकरी का झांसा देकर एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह महिला उल्हासनगर में रहती थी। अभिषेक सिंह ने एक महिला को नशीला पदार्थ देकर होटल में उसके साथ बलात्कार किया। इस संबंध में बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

दो दिन पहले बदलापुर शहर के एक होटल में 45 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार किया गया था। यह महिला उल्हासनगर में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करती है। यह महिला सोशल मीडिया के जरिए अभिषेक सिंह नामक व्यक्ति के संपर्क में थी। सिंह ने नौकरी का वादा कर महिला को बदलापुर के एक होटल में इंटरव्यू के लिए बुलाया। जहां बेहोशी की दवा पेय पदार्थ में मिलाकर महिला को पिलाई गई, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया. उक्त जानकारी बदलापुर ईस्ट पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक किरण बलवदकर ने दी. पिछले महीने मुंबई के बदलापुर शहर में शराब पिलाकर एक महिला के साथ बलात्कार का मामला सामने आया था। इससे पहले भी ऐसी ही एक घटना सामने आई थी जिसमें अपनी सहेली के घर आई एक युवती को इसी तरह प्रताड़ित किया गया था।

## 'रेझिंग डे' : पुलिस ने छात्रों को थाने की कार्यशैली से कराया अवगत

- विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाने में प्रेरणादायक गतिविधियाँ
- यशवंत विद्यालय के छात्रों का विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का दौरा





**उल्हासनगर.** समाज में कानून प्रवर्तन और अनुशासन के महत्व पर जोर देने वाले पुलिस बल के गौरवशाली इतिहास को 'रेझिंग डे' सप्ताह के माध्यम से मनाया जाता है। इस पहल के तहत, उल्हासनगर के यशवंत विद्यालय के छात्रों को विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का अध्ययन करने का अवसर मिला। छात्रों को पुलिस स्टेशन में काम करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ तथा कई प्रेरणादायी क्षण आए, जिनसे उन्हें पुलिस की उपलब्धियों पर गर्व हुआ।

'रेझिंग डे'सप्ताह के अवसर पर यशवंत विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का दौरा आयोजित किया गया। इस दौरे के दौरान छात्रों ने पुलिस स्टेशन के विभिन्न विभागों, उनकी कार्य-प्रणाली तथा अपराध जांच में अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग को प्रत्यक्ष रूप से देखा। छात्रों ने पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और अपने प्रश्न पूछे।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवल ने छात्रों को कानून, अनुशासन और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर यशवंत विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद नेहेते, वर्षा गवादे, गायत्री बिरारी, रमेश सालुंखे सहित विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के गोपनीय विभाग के कर्मचारी दिनेश शिर्के, महेंद्र भोई, चेतन खांबेकर और संतोष कुरने उपस्थित थे।

पुलिस ने छात्रों को पुलिस प्रशिक्षण, अपराधों को सुलझाने के लिए आवश्यक कौशल और कर्तव्य की चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके डर पर काबू पाना तथा पुलिस के प्रति मित्रवत दृष्टिकोण विकसित करना है।

महाराष्ट्र पुलिस बल को 1961 में पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा ध्वज प्रदान किया गया था और तब से हर वर्ष 2 से 8 जनवरी तक 'रेझिंग डे' सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का विद्यार्थियों का दौरा 'स्थापना दिवस' सप्ताह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। आशा है कि ऐसी पहल से पुलिस बल और समुदाय के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

## अंबरनाथ में रिक्शा होगी बेमुदत बंद

- मिलिंद पाटिल ने प्रशासन को दिया पत्र
- रिक्शा चालक की मौत के बाद यूनियन हुई आक्रामक
- केबी सड़क के बीच बिजली के खंभों को हटाने की मांग
- अब तक 5 रिक्शा चालकों की हो चुकी है मौत



अंबरनाथ. अंबरनाथ केबी मुख्य महामार्ग से सड़क के बीच मौजूद बिजली के खंभे 7 वर्षों से नहीं हटाए जाने के कारण अब तक इन खम्भों से टकराकर 5 रिक्शा चालकों की मौत हो चुकी है. शनिवार रात को फिर से रिक्शा चालक आरिफ सुलेमान शेख की बिजली के खम्भे से टकरा जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसकी शुक्रवार को मौत हो जाने के कारण अंबरनाथ रिक्शा यूनियन एकदम आक्रामक हो गई है. अगर ये खम्भे एक हफ्ते के भीतर नहीं हटाए गए तो शहर की रिक्शा बेमुदत बंद रखने का निर्णय रिक्शा यूनियन ने लिया है. ऐसा लिखित पत्र यूनियन अध्यक्ष मिलिंद पाटिल ने मुख्याधिकारी नपा और पुलिस विभाग को दिया है.

पत्र में लिखा है कि इन खम्भों से टकराकर मरने वाले रिक्शा चालकों की मौत का कारण महावितरण, एमएमआरडीए और नपा प्रशासन है. आरिफ की मौत के बाद रिक्शा चालकों का रोष आसमान पर है. यूनियन दो वर्षों से प्रशासन से लिखित मांग कर रहा है कि इन विद्युत पोल को हटाया जाए, लेकिन महावितरण और नपा प्रशासन, एमएमआरडीए को जिम्मेदार ठहरा रहे है और एमएमआरडीए इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है.

मिलिंद पाटिल ने पूछा है कि प्रसासन और कितने रिक्शा चालकों की जान लेगा. प्रशासन इतना उदासीन क्यों है? मिलिंद ने रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि अब बस हो गया हमारे रिक्शा चालकों की जान इतनी सस्ती नहीं है. अब आंदोलन आक्रोशभरा होगा. उन्होंने प्रशासन को एक हफ्त का समय देते हुए कहा है कि अगर एक हफ्ते में ये पोल बीच रास्ते से नहीं हटाए गए तो वह बेमुदत शहर की रिक्शा बंद करने की तैयारी में हैं.

## वसार गांव में हाथ भट्टी पर छापा

- 1 लाख 34 हजार का माल पुलिस ने किया जब्त



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर हिललाइन पुलिस थाने की सीमा में मौजूद वसार गांव में पुलिस ने गावठी शराबी की हाथभठ्टी पर छापा मारा. पुलिस ने यहां से 1 लाख 34 हजार का माल जब्त किया है. साथ ही अविनाश वेले नामक शख्स को गिरफ्तार किया गया है और उसके खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

हिललाइन पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वसार गांव के बाहरी इलाके में रसायन मिश्रित ग्रामीण शराब बनाने का काम चल रहा है. इसके बाद वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस ने मौके पर छापेमारी की. छापेमारी के दौरान ग्रामीण शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायन, बर्तन और अन्य सामग्रियां जब्त की गईं। पुलिस ने मौके पर जाकर गावठी शराब बनाने वाली पूरी हाथभट्टी को नष्ट कर दिया. इस कार्रवाई में 1 लाख 34 हजार रुपये का माल जब्त किया गया. इसमें रसायन, बर्तन और शराब बनाने के उपकरण शामिल हैं।

इस दौरान मौके से अविनाश वेले को हिरासत में लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. हिललाइन थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने बताया कि गावठी शराब के उत्पादन पर रोक लगाने के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

### जबरन देह व्यापार के लिए मजबूर करने वाली
## महिला दलाल गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** शहर के हिललाइन पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर हाजीमलंग रोड, द्वारली नाका में साईं निधि लॉजिंग बोर्डिंग के पास एक महिला एजेंट द्वारा एक युवती से वेश्यावृत्ति कराने की सूचना मिलने के बाद, ठाणे अपराध जांच विभाग ने जाल बिछाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उसके चंगुल से बचाई गई दो युवतियों को महिला सुधारगृह भेज दिया गया।

ठाणे शहर अपराध जांच विभाग की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को सूचना मिली थी कि एक महिला एजेंट कुछ युवतियों को वेश्यावृत्ति के लिए ला रही है। टीम ने फर्जी ग्राहक और पंच भेजे। पुलिस ने महिला एजेंट लक्ष्मीवेन विपुलभाई चिक्रोड़ा को गिरफ्तार कर लिया तथा दो युवतियों को मुक्त कराया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप ने बताया कि हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## 'नया साल गुरु दे नाल' का भक्तिमय उत्सव

- गुरु महाराज का प्रकाश एवं नववर्ष उत्सव



**उल्हासनगर.** धर्म का दीप जलाकर नए साल की शुरुआत करने का संदेश देते हुए उल्हासनगर के हीराघाट स्थित धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहिबजी दरबार में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'नया साल गुरु दे नाल' को अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला। श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर की रात को आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में नववर्ष का स्वागत करते हुए उल्हासनगर के धार्मिक माहौल में एक नया अध्याय दर्ज हुआ।

'नया साल गुरु दे नाल' कार्यक्रम दरबार के प्रमुख भाई साहिब जसकीरत सिंह साहिबजी के मार्गदर्शन और भाई साहिब त्रिलोचन सिंह साहिबजी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उल्हासनगर एवं आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री चौपाई साहिबजी के अखंड पाठ से हुई। निरंतर पाठ के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से भर गया। कीर्तन दरबार में अनेक प्रसिद्ध कीर्तन गायकों ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं के हृदय में आध्यात्मिक ज्योति प्रज्वलित की।

दरबार के भाई टिल्लू साहिबजी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं में से लगभग 70 प्रतिशत युवा थे। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं और बच्चों ने भाग लिया।

इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी को गुरु महाराज के चरणों में पूजा करके नए साल की शुरुआत करने की प्रथा को आगे बढ़ाना था। कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने इस लंगर का लाभ उठाया। उन्होंने अपना नया वर्ष भक्ति के मार्ग पर चलकर गुरु महाराज के चरणों से जुड़कर शुरू किया। लंगर के आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिसने सेवा और समर्पण का आदर्श स्थापित किया। 'नववर्ष गुरु दे नाल' कार्यक्रम उल्हासनगर के धार्मिक और सामाजिक जीवन के लिए प्रेरणादायी साबित हुआ। श्रद्धालुओं ने न केवल नववर्ष मनाया, बल्कि गुरु महाराज की शिक्षाओं से नई प्रेरणा भी प्राप्त की।

## छज्जे पर फंसे बच्चे को दमकलकर्मियों ने बचाया



**कल्याण.** कल्याण पूर्व के विठ्ठलवाड़ी इलाके में शनि मंदिर के पास चंद्रकिरण सोसाइटी में एक घर की तीसरी मंजिल पर लोहे की ग्रिल वाली खिड़की में 7 वर्षीय बच्चा खेल रहा था. जंग लगी लोहे की जाली टूट गई और बच्चा जाली से फिसलकर इमारत के बाहर लगे छज्जे में फंस गया। कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के अग्निशमन कर्मियों ने अथक प्रयास करके अत्याधुनिक सीढ़ी वाहन का उपयोग करके बच्चे को सुरक्षित बचा लिया।

बच्चे का नाम वंश लांडगे (7) है। लोहे की ग्रील पर लगी कुछ कीलें ढीली हो गई थीं और बच्चा भी जाली के साथ ही उसमें फंस गया था। जाली की केवल दो कीलें दीवार में गड़ी रह गईं। परिणामस्वरूप, बच्चा लोहे की जाली के सहारे छज्जे पर फंस गया। यदि वे दो कीलें अन्य कीलों के साथ निकल जातीं तो बच्चे के साथ लोहे की जाली भी जमीन पर गिर जाती और बड़ा हादसा हो जाता, ऐसा कल्याण डोंबिवली मनपा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी ने बताया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी के निर्देशानुसार, उप अग्निशमन अधिकारी म्हस्के ने कुछ कर्मियों को इमारत के ऊपरी हिस्से में भेजकर बच्चे को रस्सी से सुरक्षित बांध दिया। इमारत के निचले हिस्से में अग्निशमन सीढ़ी वाहन पार्क करने के बाद, सैनिक डिसूजा सीढ़ी के माध्यम से फंसे हुए बच्चे की ओर बढ़े। बच्चे को रस्सी से बांधकर जवान डिसूजा ने उसे अपनी पीठ पर लादकर सुरक्षित जमीन पर उतारा। उसे हल्की खरोंच है. उसके माता-पिता उसे तुरंत अस्पताल ले गए। माता-पिता सहित निवासियों ने अग्निशमनकर्मी द्वारा बच्चे की जान बचाने पर संतोष व्यक्त किया।

## कल्याण-डोंबिवली में 81 गांजा नशेड़ियों पर कार्रवाई

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने अपने पुलिस स्टेशन क्षेत्र में पेड़, झाड़ियाँ काटने और गांजा पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश स्थानीय पुलिस को दिया है। पुलिस ने यह छापेमारी अभियान हर रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक चलाया है। गुरुवार रात को पुलिस ने मारिजुआना, नशीली दवाओं और शराब का सेवन करने वाले 81 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

यह कार्रवाई मानपाड़ा, खड़कपाड़ा, कोलसेवाड़ी और महात्मा फुले पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में की गई। गश्ती पुलिस दल, पुलिस अधिकारियों के साथ, रात में अपने थाना क्षेत्र में पेड़ों, झाड़ियों, इमारतों और झोपड़ियों की आड़ में छापेमारी कर रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहां-कहां छिपे हुए लोग छिपे हुए हैं। घटनास्थल पर नशे में या मारिजुआना का सेवन करते पाए जाने वाले लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस स्टेशन ले जाया जा रहा है. समाज सेवा के नाम पर कुछ दुकानदार देर रात तक अपनी दुकानें खुली रखते हैं। कुछ चाइनीज विक्रेता, ढाबा मालिक और आइसक्रीम दुकान संचालक देर रात तक अपनी दुकानें खुली रखते हैं।

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन से लोगों की बढ़ी चिंता

कई देशों में तेजी से बढ़ते तापमान के बीच एक अध्ययन सामने आया था कि जलवायु परिवर्तन का असर पृथ्वी पर दिखने लगा है। आज दुनिया के कई देश गर्मी से बेहाल हैं। भारत में भी पिछले साल रेकार्ड गर्मी पड़ी। कई राज्यों में पारा पचास के आसपास पहुंच गया। मई-जून की तपती गर्मी आगे भी बनी रही। जुलाई और सितंबर में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। यह विचित्र बात है कि मानसून के बाद चार महीने अब तक के सबसे गर्म महीने दर्ज किए गए। क्या जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब स्पष्ट होकर सामने आने लगा है? गौरतलब है कि वर्ष 1901 के बाद वर्ष 2024 भारत में सबसे गर्म वर्ष रहा। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से दी गई इस जानकारी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसने यह बता कर भी चिंता बढ़ा दी है कि इस वर्ष जनवरी के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। मौसम का मिजाज क्यों बदल रहा है और धरती का तापमान क्यों बढ़ रहा है, इसे समझने की आवश्यकता है। यह जरूरी इसलिए भी है कि पिछले साल धरती का तापमान 0.54 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

## भारत समेत दुनिया भर में तेजी से बढ़ रही गर्मी

कुछ महीने पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के एक शोध में पाया गया कि शहरीकरण की वजह से देश के 140 शहरों की रातें उनके आसपास के गैर-शहरी क्षेत्रों की तुलना में साठ फीसद गर्म है। यह समस्या केवल भारत की ही नहीं है। न केवल एशिया, बल्कि पश्चिमी देशों से लेकर दक्षिणी गोलार्ध में अंटार्कटिका तक इसकी आंच पहुंच रही है। सवाल है कि क्या हमने प्रकृति पर अधिक बोझ डाल दिया है।

दरअसल, जीवाश्म ईंधनों के बेतहाशा इस्तेमाल, जंगलों की कटाई और विकास के नाम पर शहरीकरण को बढ़ावा न दिया गया होता, तो धरती संभवतः कुछ ठंडी होती। मगर मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए जलवायु को संकट में डाल दिया। इसी का परिणाम है कि प्रकृति अब अपना आक्रोश प्रकट करने लगी है। नतीजा यह कि दुनिया में कहीं अधिक गर्मी, तो कहीं ज्यादा सर्दी पड़ रही है। अब इस मसले पर वैश्विक स्तर पर ठोस पहल करने की जरूरत सिर पर आ खड़ी हुई है।

# लोकतंत्र को और बेहतर बनाने के लिए सार्थक विमर्श की जरूरत

भारतीय गणतंत्र अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गणतंत्रात्मक प्रौढ़ता की अपेक्षा है कि हमारा लोकतंत्र भी उसी के अनुरूप परिपक्वता दिखाए। हमारे लोकतंत्र में एक विरोधाभास दिखता है। पश्चिमी विद्वानों की शंकाओं के विपरीत जनता की लोकतांत्रिक आस्थाएं तो दृढ़ बनी हुई हैं, लेकिन लोकतंत्र के संवाहक राजनीतिक दलों और नेताओं को अभी उन लोकतांत्रिक आस्थाओं से समरस होना है।

परिणामस्वरूप लोकतंत्र को अनेक विसंगतियों ने जकड़ लिया है। नए वर्ष में स्वयं को बेहतर बनाने हेतु हम व्यक्तिगत संकल्प लेते हैं, लेकिन अपने लोकतंत्र को और बेहतर बनाने हेतु हमें सामूहिक संकल्प लेना है। हमें नई राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है।

संविधान सभा में 25 नवंबर, 1949 को अपने अंतिम भाषण में संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर ने इस अंतर्विरोध की ओर इंगित करते हुए आगाह किया था कि सामाजिक समरसता और बंधुत्व हेतु लोकतंत्र को सामंतवादी मानसिकता से न चलाया जाए, मगर राजनीतिक दल और नेता सामंतवादी मानसिकता से नहीं निकल सके हैं। उन्हें अपने स्वजन ही उत्तराधिकारी के रूप में विश्वसनीय लगते हैं। लोकतंत्र में विविधता और विरोध का स्थान है, लेकिन विद्वेष का नहीं।

लोकतंत्र विविध विचारधाराओं के आधार पर राजनीति करने वाले दलों और नेताओं को मान्यता देता है। गांधीजी के नेतृत्व में हमें स्वतंत्रता मिली, लेकिन सुभाष चंद्र बोस और उनके नेतृत्व में संघर्ष करने वालों तथा अन्य बलिदानियों के योगदान को कमतर तो नहीं



आंका जा सकता। कांग्रेसी विचारधारा को प्रारंभिक राजनीतिक स्पर्धा में लाभ मिला। वामपंथी और दक्षिणपंथी विचारधाराएं उपेक्षित हो गईं, लेकिन उससे उनका महत्व नहीं घटा। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के वामपंथी रुझान के कारण कांग्रेस वामपंथ की ओर झुकी, लेकिन फिर देश ने कांग्रेस और वामपंथ, दोनों को दरकिनार कर दक्षिणपंथ को सत्ता सौंपी। हमें उसे स्वीकार करना पड़ेगा। यही परिपक्व लोकतांत्रिक राजनीति का तकाजा है। आज राजनीतिक स्पर्धा में विचारधाराओं की जगह जातीय अस्मिताएं प्रभावी होकर लोकतांत्रिक संस्कृति को विकृत कर रही हैं, जो सामाजिक समरसता को भी दुष्प्रभावित करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से 'सबका साथ सबका विकास' मंत्र से जातीय अस्मिताओं की पकड़-जकड़ को दरकिनार कर समाज को जातीय राजनीति से वर्गीय राजनीति की ओर उन्मुख किया। इससे भारतीय लोकतंत्र समावेशी राजनीति की ओर बढ़ा है।

इसका लाभ उन्हें मिला और लगातार तीसरी बार सरकार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया। भाजपा की दक्षिणपंथी विचारधारा से किसी का विरोध पूर्णतः संविधानसम्मत है, पर संविधान मोदी या भाजपा से विद्वेष को मान्यता नहीं देता। नए वर्ष में इस मर्म को सभी राजनीतिज्ञों को समझना होगा।

भारतीय राजनीति में प्रायः हिंदू-मुस्लिम द्वैधता की चर्चा होती है। दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। जो दल और नेता दूसरे दलों और उनके नेताओं पर धार्मिक-ध्रुवीकरण का आरोप लगाते हैं, वे स्वयं भी धार्मिक आधार पर राजनीतिक समर्थन की मांग करते दिखते हैं। हिंदू-मुस्लिम के आधार पर देश-विभाजन की जिम्मेदारी से कांग्रेस बच नहीं सकती। इसी के साथ इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उसने भारतीय मुसलमानों को हिंदू-समाज में समरस होने देने के बजाय उन्हें अल्पसंख्यक के रूप में उनसे काट दिया और राजनीतिक लाभ के लिए उनके तुष्टीकरण की नीति अपनाई।

इससे मुसलमानों और कांग्रेस, दोनों को नुकसान हुआ। कांग्रेस की इस नीति से अधिकतर मुसलमान हिंदुओं को अपना विरोधी समझने लगे, जबकि कांग्रेस और अन्य ऐसे राजनीतिक दलों में हिंदू ही हैं। यह ध्यान रहे कि तुष्टीकरण की नीति से कभी भी किसी पक्ष को पूर्णतः संतुष्ट नहीं किया जा सकता। उसकी मांग सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती ही जाती है, जिसे न पूरा करने पर दल और राजनीतिज्ञ उनका विश्वास खोते हैं। यह स्थिति समाज में धार्मिक ध्रुवीकरण को भी जन्म देती है।

एक समय था जब हिंदू-मुस्लिम सौहार्द एक वास्तविकता थी। आज अपवादों को छोड़कर वह सामाजिक सौहार्द दिखाई नहीं देता। दोनों एक-दूसरे से कट गए हैं। यह एक दुखद सच्चाई है।




ध्यानाभ्यास के दौरान अनुभव की गई खुशी व आनंद ध्यान से बाहर आने के बाद भी हमारे साथ बना रहता है। वह दिन भर हमारे साथ रह सकता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# कंप्यूटर और इंटरनेट आधे विद्यालयों में ही उपलब्ध

किसी भी देश में अगर शिक्षा की पहुंच समाज के सबसे कमजोर समूहों तक नहीं हो पाती है तो वहां का विकास सवालों के कठघरे में खड़ा होगा। भारत में आजादी के बाद से लेकर अब तक सरकार की ओर से शिक्षा के प्रसार के लिए जो भी प्रयास किए गए, उससे वंचित सामाजिक समूहों के बीच साक्षरता की तस्वीर में कुछ सुधार आया। विडंबना यह है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के बीच देश में शिक्षा के मोर्चे पर अब भी जो स्थिति है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

उच्च शिक्षा के दरवाजे तक पहुंचना तो दूर, आज भी लाखों बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर हैं और अलग-अलग वजहों से हर वर्ष अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की एक रपट में ये तथ्य सामने आए हैं कि वर्ष 2022-23 में स्कूलों में कुल 25.17 करोड़ विद्यार्थी नामांकित थे, जबकि 2023-24 में यह संख्या घट कर 24.80 करोड़ रह गई। रपट के मुताबिक, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन में 37.45 लाख की गिरावट आई है। इस अवधि में पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में भी खासी बढ़ोतरी हुई। शिक्षा के दायरे से बाहर होने वालों में ज्यादा संख्या समाज के कमजोर और वंचित तबकों के बच्चों की है।

सवाल है कि जिस दौर में शिक्षा के व्यापक प्रसार और सब तक इसकी पहुंच के लिए सरकार हर स्तर पर कदम उठाने के दावे कर रही है, नई नीतियों की घोषणाएं हो रही हैं, उसमें स्कूलों में



दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में इतनी बड़ी गिरावट कैसे दर्ज की जा रही है। शिक्षा मंत्रालय की रपट के ही मुताबिक, देश में केवल सत्तावन फीसद स्कूलों में कंप्यूटर है, जबकि तिरपन फीसद में इंटरनेट की सुविधा है। वहीं पिछले कुछ समय से अलग-अलग वजहों से अक्सर स्कूलों में आनलाइन या डिजिटल पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। जबकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे तमाम बच्चे हैं, जिनके परिवारों में सबके लिए अलग-अलग कंप्यूटर या स्मार्टफोन की सुविधा अभी भी एक सपना है।

सवाल है कि वंचना की अनेक परतों का सामना कर रहे परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेज सकें, उन्हें गुणवत्ता से लैस शिक्षा मिल सके, इसके लिए वंचित तबकों के अनुकूल नीतियां जमीन पर कब उतरेंगी? स्कूली शिक्षा की तस्वीर में सुधार सिर्फ सरकारी आश्वासनों और दावों तक क्यों सीमित है और जमीनी हकीकत एक निराशाजनक तस्वीर क्यों दिखाती है?

साक्षरता की औपचारिकता गुणवत्ता आधारित शिक्षा सुनिश्चित नहीं करती। आबादी के जिस हिस्से के पास आर्थिक सामर्थ्य है, वह अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेज कर उनका भविष्य बेहतर बना सकता है। मगर समाज के उन तबकों के बच्चों को गुणवत्ता आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए क्या किया जा रहा है, जो लगातार अभाव से दो-चार जिंदगी के जद्दोजहद से गुजरते रहते हैं। निश्चित तौर पर अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर मजबूती देश के लिए जरूरी है, लेकिन अगर यहां के कमजोर सामाजिक समुदायों के बच्चे किसी भी वजह से पढ़ाई-लिखाई से दूर हो रहे हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय होगी? शिक्षा का अधिकार और सामाजिक कल्याण के अन्य कार्यक्रमों के बावजूद गरीबी या संसाधनों के अभाव के कारण अगर बहुत सारे बच्चे स्कूल के दरवाजे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं या किसी वजह से बीच में ही उनके सामने स्कूल छोड़ देने की नौबत आ रही है तो यह स्थिति दशकों से क्यों बनी हुई है?

# 66 साल पुराना सोने का बिल वायरल

एक जमाना था जब रुपये की कीमत काफी कम थी और चीजें बेहद कम दाम में मिल जाती थीं. आपने अपने

**जरा हट के**

माता-पिता या दादा-नाना से उनके दौर के किस्से सुने होंगे जब 1 रुपये में इतना कुछ मिल जाता था कि आज के समय में सोचा भी नहीं जा सकता. उस दौर में सोने की कीमत भी काफी कम थी. इन दिनों एक सोने के गहने का बिल वायरल हो रहा है. इस बिल में 1 तोले सोने की कीमत बताई गई है. जब आप ये बिल देखेंगे, तो आपकी आंखें फटी की फटी रह जाएंगी!

इंस्टाग्राम अकाउंट @upscworldofficial पर हाल ही में एक फोटो पोस्ट की गई है जो 1959 के दौर के एक बिल की फोटो है. ये बिल किसी गहनों की दुकान का है. बिल में 1 तोले सोने की कीमत लगाई गई है, जिसे देखकर बहुत हैरानी हो रही है. आजकल 1 तोला सोना 70 हजार से ज्यादा रुपये का है. अब सोचिए कि




आज से 66 साल पहले सोने की क्या कीमत रही होगी? आपको जानकर हैरानी होगी कि उस वक्त सोना बेहद सस्ता था, हालांकि, तब रुपये का मूल्य आज के हिसाब से कम भी था.

इस बिल में 1 तोले सोने की कीमत सिर्फ 113 रुपये बताई गई है. ये बिल मराठी में है. महाराष्ट्र के वामन निंबाजी अष्टेकर दुकान का ये बिल है. ग्राहक का नाम शिवलिंग आत्माराम है. उन्होंने कुल 909 रुपये के सोने-चांदी के आइटम उस वक्त खरीदे थे. फोटो के साथ सोशल मीडिया पर लिखा है कि आज के वक्त चॉकलेट इससे ज्यादा महंगी हो गई है, तब सोना इतना सस्ता था.

इस पोस्ट को 38 हजार लाइक्स मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा कि उस दौर में चॉकलेट कितने रुपये का था, ये भी बता दो. एक ने कहा कि उस वक्त 113 रुपये की भी काफी वैल्यू थी, ये नहीं भूलना चाहिए. वहीं एक ने कहा कि एक ने कहा कि उस दौर में 1 पैसे की भी कीमत थी, आज के दौर में 100 पैसे गिरे रहें तो बहुत कम लोग होंगे जो उठाएंगे.

# आंखों की रोशनी बढ़ाएंगे ये टिप्स

**इन दिनों हमारी लाइफस्टाइल पूरी तरह से बदल चुकी है। ऐसे में हमारे खानपान के साथ ही हमारे रहन-सहन का भी हमारी सेहत पर असर पड़ रहा है। हम जो भी खाते हैं और करते हैं, उसका असर शरीर और शरीर के अन्य हिस्सों पर जरूर नजर आता है। आंखों के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बदलती लाइफस्टाइल की वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है, जिसकी वजह से आंखों को काफी नुकसान पहुंच रहा है।**

WHO की 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में लगभर 2.2 बिलियन लोगों की दूर या पास की नजर कमजोर है। इसलिए कमजोर होती आंखों का समय रहते ख्याल रखना बेहद जरूरी है, वरना देर करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे अपनी जीवनशैली में छोटे-छोटे से टिप्स अपनाकर आप अपनी आंखों की रोशनी बढ़ा सकते हैं-

## इन आसान टिप्स से बढ़ाएं आंखों की रोशनी

- अपने लैपटॉप को अपनी आंखों से 18 से 20 इंच की दूरी पर रख कर इस्तेमाल करें।
- आंखों की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। हेल्दी आंखों के लिए आप पलकें झपकाना, दाएं से बाएं, ऊपर से नीचे, ऊपर के एक कोने से नीचे के दूसरे कोने की तरफ आंखों की पुतलियों को घुमाना, फिर पुतलियों को गोल-गोल घुमाना और इन्हें



बीच में कर के अपनी नाक को देखने जैसी आी एक्सरसाइज कर सकते हैं।
- 20–20–20 रूल फॉलो करें। लैपटॉप या कंप्यूटर पर काम करते समय हर 20 मिनट में 20 फीट की दूरी पर रखी किसी भी चीज को 20 सेकंड तक के लिए देखें।
- अपने आसपास की लाइट के अनुसार स्क्रीन की ब्राइटनेस कम या ज्यादा करें।
- आई स्ट्रेन को दूर करने के लिए आंखों पर खीरा की स्लाइस रखें और आंखों को ठंडक पहुंचाएं।
- शिमला मिर्च, केल, गाजर, ऑलिव ऑयल, साल्मन, अंडा, संतरा, शकरकंद, ब्रोकली, पिस्ता, बादाम, दाल आदि का भरपूर सेवन करें, जिससे आंखों की मांसपेशियां मजबूत हों और आंखों की रोशनी बढ़े।
- नारंगी रंग के फूड जैसे संतरा, पपीता, गाजर आदि में कैरोटिन पाया जाता है जो आई हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद है। गाजर आंखों में ब्लड फ्लो बढ़ाता है, जिससे रोशनी तेज होती है।
- नियमित रूप से आंखों की जांच करवाते रहें, जिससे किसी भी प्रकार का स्ट्रेन आंखों पर पड़ने से पहले ही इनकी पहचान हो जाए।
- सूर्य की रोशनी में सनग्लासेज का इस्तेमाल जरूर करें।
- बाहर से घर आने के बाद ठंडे पानी के छींटे मारकर चेहरे को साफ़ करें।
- नींद पूरी करें जिससे आंखों पर पड़ने वाले स्ट्रेस से राहत मिले। इससे सम्पूर्ण सेहत में भी सुधार होता है।

# उड़द दाल खिचड़ी




**हिंदू धर्म में मकर संक्रांति के पर्व का बहुत बड़ा महत्व माना गया है। इस दिन ज्यादातर घरों में उड़द की दाल की खिचड़ी भी बनाकर खाई जाती है। मकर संक्रान्ति पर बनाई जाने वाली उड़द दाल की खिचड़ी को परोसते समय ऊपर से डाला गया घी, इसके स्वाद को एक अलग ही लेवल पर लेकर जाता है।**

## सामग्री

- 1/2 कप चावल
- 1/4 कप उड़द की दाल
- 1/2 कप हरी मटर
- 1/2 इंच अदरक का टुकड़ा
- 2 हरी मिर्च
- 1 टमाटर
- 1 टुकड़ा दालचीनी
- 2 लौंग
- 5 काली मिर्च
- 1 बड़ी इलायची
- ½ चम्मच जीरा
- 2 बड़े चम्मच घी
- 1/2 चुटकी हींग
- 1/4 चम्मच हल्दी
- 1/4 चम्मच लाल मिर्च
- स्वादानुसार नमक



## बनाने का तरीका

उड़द दाल खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले कुकर में 2-3 बड़ी चम्मच घी डालकर गर्म कर लें। इसके बाद इसमें जीरा, हींग, दाल चीनी, लौंग, काली मिर्च और बड़ी इलायची डालकर उसे मीडियम आंच पर भून लें। जब मसाला भुन जाए तो उसमें टमाटर, हल्दी, हरी मिर्च, अदरक और हरी मटर डाल कर भून लें। टमाटर गलने पर कुकर में उड़द दाल, चावल, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर थोड़ी देर चलाने के बाद बाकी बची सारी चीजें भी डालकर करीब 5 मिनट तक भूनें। अब कुकर में 1.5 कप पानी डाल कर ढक्कन बंद कर दें। कुकर की एक सीटी तेज आंच पर और 1 सीटी मीडियम आंच पर आने दें। जब कुकर का प्रेशर निकल जाए तो खिचड़ी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। आपकी टेस्टी उड़द दाल खिचड़ी बनकर तैयार है। इसे प्लेट में निकालकर ऊपर एक चम्मच घी डालकर गरमा-गरम चटनी, अचार और पापड़ के साथ सर्व करें।

# क्यों सर्दियों में ज्यादा आती है नींद?

**धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है। इसके साथ ही, सब कंबल और रजाई में घुसे रहना चाहते हैं। रजाई और कंबल की गर्माहट को छोड़कर बाहर निकलने का मन तो किसी का नहीं करता। सर्दियों के मौसम में नींद ज्यादा आना एक आम बात है। कई लोगों को लगता है कि वे आलसी हो गए हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। इसके पीछे और भी कई कारण जिम्मेदार होते हैं। हम अक्सर यह मान लेते हैं कि इसके पीछे ठंडे वातावरण यानी कम तापमान का हाथ है, लेकिन यही एकलौती वजह नहीं है। सर्दी में ज्यादा नींद आने के पीछे कई कारण होते हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में।**



## मेलाटोनिन का स्तर बढ़ना

**सूरज की रोशनी की कमी-** सर्दियों में दिन छोटे होते हैं और सूरज की रोशनी कम मिलती है। हमारे शरीर में मेलाटोनिन नाम का एक हार्मोन होता है, जो नींद को कंट्रोल करता है। जब सूरज की रोशनी कम होती है तो मेलाटोनिन का लेवल बढ़ जाता है, जिसके कारण नींद ज्यादा आती है।

**अंधेरा और नींद-** अंधेरा होने पर शरीर को यह संकेत मिलता है कि सोने का समय हो गया है। सर्दियों में जल्दी अंधेरा हो जाने के कारण नींद ज्यादा आती है।

## शरीर की एनर्जी सेविंग मैकेनिज्म

**ठंड से बचाव-** सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए ज्यादा एनर्जी की जरूरत होती है। शरीर एनर्जी को बचाने के लिए नींद आने का सिग्नल देने लगता है।

फिजिकल एक्टिवि कम होना- सर्दियों में लोग कम बाहर निकलते हैं और फिजिकल एक्टिविटीज भी कम करते हैं। इससे शरीर कम थकता है और नींद ज्यादा आती है।

## विटामिन-डी की कमी

सूरज की रोशनी और विटामिन डी- सूरज की रोशनी से विटामिन-डी बनता है। विटामिन-डी एनर्जी के लेवल को बनाए रखने में मदद करता है। सर्दियों में सूरज की रोशनी कम मिलने के कारण विटामिन-डी की कमी हो सकती है, जिससे थकान और नींद आती है।

## और भी हैं कारण

**खाने की आदतें-** सर्दियों में लोग गर्म और हैवी खाना ज्यादा खाते हैं। इससे शरीर को खाना पचाने में ज्यादा समय लगता है और नींद आ सकती है।

**तनाव-** सर्दियों में तनाव बढ़ सकता है, जिसके कारण भी ज्यादा नींद आ सकती है।

**बीमारियां-** सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां भी नींद ज्यादा आने का कारण बन सकती हैं।

## सर्दियों में ज्यादा नींद आने की समस्या को कैसे कंट्रोल करें?

**धूप लें-** सुबह उठकर सूरज की रोशनी में कुछ समय बिताएं।

**फिजिकल एक्टिविटी करें-** नियमित रूप से व्यायाम करें।

**बैलेंस डाइट लें-** हल्का और पौष्टिक खाना खाएं।

**तनाव कम करें-** योग, मेडिटेशन या अन्य रिलैक्सिंग तकनीकों की प्रैक्टिस करें।

**स्लीप साइकिल फिक्स करें-** रोजाना एक ही समय पर सोने और उठने की कोशिश करें।

# एक महीना छोड़ दीजिए मैदा खाना बॉडी में दिखने लगेंगे यह बदलाव

**मैदा एक रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट है जो आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मैदा खाने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि वजन बढ़ना, रक्त शर्करा का बढ़ना, और हृदय रोग का खतरा बढ़ना। एक महीने के लिए मैदा खाना बंद करने से आपके शरीर में कई बेहतरीन बदलाव हो सकते हैं।**



## होने लगेगा वजन कम

मैदा में उच्च मात्रा में कैलोरी होती है, जो वजन बढ़ने का कारण बन सकती है। मैदा खाना बंद करने से आपका वजन कम हो सकता है। इसलिए अगर आप मैदा छोड़ते हैं तो आपका वजन कम होने लगता है और आप खुद को पहले की तुलना में काफी फिट महसूस करते हैं। वजन कम करना है तो आपको पूरी तरह से मैदा को छोड़ना पड़ेगा।

## रक्त शर्करा का नियंत्रण

मैदा में उच्च मात्रा में शुगर होती है, जो रक्त शर्करा को बढ़ा सकती है। मैदा खाना बंद करने से आपके रक्त शर्करा का नियंत्रण हो सकता है। अगर आप खुद को डायबिटीज से दूर रखना चाहते हैं तो रक्त शर्करा को भी कंट्रोल करने के सपने देखते हैं तो आपको आज से ही मैदा का सेवन बंद कर देना चाहिए।

## दिल के लिए बहुत फायदेमंद

मैदा में उच्च मात्रा में संतृप्त वसा होती है, जो हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकती है। मैदा खाना बंद करने से आपके हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। मैदा छोड़ने से आपके दिल में काफी सुधार आता है। इसके साथ ही आप खुद को फिट रखते हैं।

## पाचन तंत्र में सुधार

मैदा में उच्च मात्रा में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मैदा खाना बंद करने से आपके पाचन तंत्र में सुधार हो सकता है। इसके साथ ही मैदा में उच्च मात्रा में शुगर होती है, जो ऊर्जा को बढ़ा सकती है। मैदा खाना बंद करने से आपकी ऊर्जा में वृद्धि हो सकती है।

# आज का राशिफल

**मेष** : आज माता का एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहूंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृषभ** : आज पत्नी के भाग्य का साथ आपको मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा को लाभ होगा।

**मिथुन** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। आज घरेलू कार्य में फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय बना रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी।

**कर्क** : आज कारोबार में अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** : आज प्रॉपर्टी को लेकर कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। अचानक कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। कार्यस्थल पर किसी बाहरी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व

**कन्या** : व्यावसायिक यात्रा आज सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। अचानक धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। संतान के भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला** : आज व्यापार में नई कार्य योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है।

**वृश्चिक** : नौकरीपेशा को कार्यस्थल पर लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अविवाहितों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। संतान को शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। व्यापारी वर्ग को चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**धनु** : पिता के स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार में विवाद से क्लेश हो सकता है। रुपये-पैसे के लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। बाहरी कार्य में भागदौड़ होगी।

**मकर** : आज की आस-पास के क्षेत्र की व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**कुंभ** : आज नौकरी में अतिरिक्त अधिकार मिल सकते हैं। घर में सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन खरीदी संबंधी नई योजना बनेगी। कारोबार में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। पत्नी के भाग्य का साथ मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। माता के स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी।

**मीन** : व्यापार में अपने विवेक का प्रयोग करेंगे, तो समस्याएं कम होंगी। संतान को शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय बना रहेगा। कारोबार की यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी बड़े व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### खेलते समय स्कूल के सेफ्टी टैंक में गिरी 2 साल की बच्ची, पलभर में थम गईं सांसें

**वाराणसी.** वाराणसी से एक दिल दहला वाला मामला सामने आया है। जहां बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय के परिसर में खेल रही 2 साल बच्ची की सेफ्टी टैंक में गिरने से मौत हो गई। ये घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय का है। संतोष पांडे ने बताया कि वह आश्रम पद्धति विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। परिसर में रोज की तरह उनकी 3 साल की पौत्री निधि स्कूल में खेल रही थी। इस दौरान वह हॉस्टल के पीछे बने खुले सेफ्टी टैंक में गिर गई। डूबने उसकी मौत हो गई।

### ग्राम प्रधानों ने किया बड़ा खेल, लाखों रुपए भी निकाल लिए, अब रिकबरी की तैयारी

**लखनऊ.** राजधानी लखनऊ के सात गांवों में सोलर लाइट की खरीद में तत्कालीन ग्राम प्रधानों ने 18 लाख रुपए का खेल किया है। सोलर स्ट्रीट लाइट के नाम पर पैसे तो निकाल लिए लेकिन इसे लगवाया ही नहीं। जांच में इसका खुलासा हुआ है। जांच में इसे लगाने का कोई भी साक्ष्य, फोटो तक नहीं मिला है। यही नहीं एक ही तरह की सोलर स्ट्रीट लाइटों के लिए ग्राम प्रधानों ने अलग अलग कीमत निकाली है। किसी ने उसी लाइट के लिए 23 हजार 500 रुपए निकाला तो किसी ने 40 हजार। अब रिकवरी की तैयारी है।

### मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए साथ, फिर कर दी युवक की हत्या, तीन पर केस

**देवरिया.** देवरिया जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बनकटा जगदीश में घर से बुला कर एक युवक की हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस मृतक के भाई की तहरीर पर दो नामजद सहित तीन के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घटना शुक्रवार की रात की है। सूचना पाकर एसपी विक्रांत वीर ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए है। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा जगदीश निवासी शिवजी राय (25) पुत्र कन्हैयालाल को शुक्रवार की शाम करीब चार बजे उनके गांव के ही रहने वाले नंदन पुत्र राजेंद्र प्रसाद व एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात मोटरसाइकिल पर बैठाकर चौराहे की तरफ ले गए थे। शाम को करीब 7 बजे शिवजी राय घायल अवस्था में गांव के दक्षिण की तरफ रोड पर पड़े हुए मिले। परिजन इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटा ले गए, जहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में पहुचने के बाद वहां के चिकित्सकों ने शिवजी राय को मृत घोषित कर दिया।

# संजय राउत ने CM फडणवीस की तारीफ की

- **बोले- नक्सलियों का सरेंडर कराया, ये सराहनीय**
- **गढ़चिरौली को स्टील सिटी बनाना चाहिए**

**मुंबई.** शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की। उन्होंने 'सामना' में लिखा, 'राज्य सरकार ने गढ़चिरौली जिले में एक्टिव नक्सलियों का सरेंडर कराकर सराहनीय काम किया है।'

राउत ने शुक्रवार को कहा- हमने देवेंद्र फडणवीस की प्रशंसा की क्योंकि उनकी सरकार ने अच्छा काम किया है। महाराष्ट्र हमारा राज्य है, गढ़चिरौली जैसी जगह जो नक्सलवाद से प्रभावित है अगर नक्सलियों ने सरेंडर कर संवैधानिक रास्ता चुना है तो हम उसका स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा, 'गढ़चिरौली का विकास होना पूरे महाराष्ट्र के लिए अच्छा है। CM ने संरक्षक मंत्री के तौर पर गढ़चिरौली का प्रभार



संभाला है। हम इसकी सराहना करते हैं। पीएम मोदी ने जब भी अच्छा काम किया, हमने उनकी भी प्रशंसा की।'

दरअसल 1 जनवरी 2025 को गढ़चिरौली में एक करोड़ रुपए की इनामी 11 नक्सलियों ने सरेंडर किया। इनमें 8 महिला और 3 पुरुष नक्सली शामिल थे।

#### पहले के संरक्षक मंत्रियों ने पैसा वसूला

संजय ने कहा कि पहले के संरक्षक मंत्री ऐसा कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने एजेंट बिठाए और पैसा वसूला, जिससे नक्सलवाद बढ़ा। हमने फडणवीस के साथ काम किया है, ये रिश्ता चलता रहेगा। लेकिन हम विपक्ष में हैं और हम मुद्दे उठाते रहेंगे।

#### हम विपक्ष में रहकर मुद्दे उठाते रहेंगे

संजय राउत ने कहा- मैंने नक्सलियों के सरेंडर के मामले देखे हैं। जब भी कोई ऐसा करता है तो इसकी सराहना की जानी चाहिए। अगर गढ़चिरौली जैसे जिले का विकास होता है तो यह पूरे राज्य के लिए अच्छा है। गढ़चिरौली महाराष्ट्र का स्टील सिटी बनता है तो इससे बेहतर कुछ नहीं है।

# अमृतपाल सिंह की नई पार्टी के नाम का ऐलान

- **पंजाब में बड़ी सियासी हलचल**

**चंडीगढ़.** डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी समर्थक श्री खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह और फरीदकोट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने अपनी नई पार्टी के नाम की घोषणा कर दी है। शनिवार को सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने ऐलान किया कि उनकी इस नई पार्टी का नाम शिरोमणि अकाली दल आनंदपुर साहिब होगा, जिसकी औपचारिक घोषणा 14 जनवरी को मुक्तसर के माघी मेले में होने वाले पंथ बचाओ-पंजाब बचाओ कॉन्फ्रेंस में की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब



को बचाने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन जरूरी था। श्री खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह खालसा और उनके परिवार के सहयोग से इस नई राजनीतिक पार्टी के जरिए पंजाब को बचाने का प्रयास किया जाएगा।

#### पंजाब के अधिकारों के लिए लड़ी जाएगी लड़ाई

■ सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने कहा कि उनकी नई पार्टी शिरोमणि अकाली दल आनंदपुर साहिब में पंजाब के पंथक सोच और अच्छे चरित्र वाले लोग शामिल होंगे, जो पंजाब को बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी राज्य को अधिक अधिकारों की राजनीतिक तौर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। इस नई पार्टी का उद्देश्य पंजाब के लोगों को एक और विकल्प देना है। अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह का कहना है कि पंजाब नशे के दलदल में धंस रहा है, धर्म परिवर्तन हो रहा है, किसानों के मुद्दे हैं और बंदी सिखों की रिहाई का मामला भी है। इन सभी मुद्दों को हम हल कराएंगे।

■ अमृतपाल गुट की नई पार्टी की घोषणा के बाद से पंजाब की सियासी क्षेत्र में हलचल पैदा हो गई हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान अमृतपाल ने पंजाब की खडूर साहिब सीट से बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उस दौरान अमृतपाल ने खडूर साहिब सीट से 404,430 वोट हासिल किए थे। अमृतपाल ने कांग्रेस उम्मीदवार कुलबीर सिंह जीरा से 197,120 मतों से चुनाव जीता था। यह पंजाब की लोकसभा सीटों में किसी भी उम्मीदवार की सबसे बड़ी जीत थी। मौजूदा समय में सांसद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

# जम्मू-कश्मीर में सेना का ट्रक खाई में गिरा

- **4 जवानों की मौत**
- **2 गंभीर**



**बांदीपोरा.** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई। 2 जवान गंभीर घायल हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुल 6 जवान ही सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। यहां ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिरा। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

घटना पर सेना ने बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी कम थी। इसके कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिरा।

# फेक ID बनाकर 700 महिलाओं से एक्सटॉर्शन

- **बंबल-स्नैपचैट पर प्राइवेट तस्वीरें मांगी**
- **वायरल करने की धमकी दी**
- **दिल्ली से गिरफ्तार**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में 700 महिलाओं से ऑनलाइन एक्टॉर्शन का मामला सामने आया है। डेटिंग ऐप के जरिए महिलाओं को फंसाकर उनकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देने वाले एक शख्स को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसका नाम तुषार सिंह बिष्ट है और वह नोएडा में एक प्राइवेट कंपनी में टेक्निकल रिक्रूटर है।



पुलिस ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले 23 साल के तुषार ने बंबल, वॉट्सऐप और स्नैपचेट पर वर्चुअल इंटरनेशनल मोबाइल नंबर फीड करके फर्जी प्रोफाइल बनाई। उसने खुद को अमेरिका का फ्रीलांस मॉडल बताया। प्रोफाइल बनाने के लिए ब्राजील के एक मॉडल की तस्वीरें लगाईं।

इसके बाद उसने बंबल पर 500 और वॉट्सऐप-स्नैपचेट पर करीब 200 महिलाओं से बातें करके दोस्ती की। जैसे ही महिलाओं को तुषार पर भरोसा हुआ, उसने महिलाओं से प्राइवेट फोटोज मांगी। जब महिलाओं ने उसे मिलने बुलाया तो उसने तस्वीरों को वायरल करने और डार्क वेब पर बेचने की धमकी दी।

#### DU स्टूडेंट ने साइबर पुलिस में शिकायत की

दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज की सेकेंड ईयर स्टूडेंट का जनवरी 2024 में तुषार से बंबल पर मैच हुआ था। तुषार ने धीरे-धीरे स्टूडेंट से दोस्ती की। फिर दोनों ने एक-दूसरे से प्राइवेट तस्वीरें शेयर कीं। स्टूडेंट ने तुषार को अमेरिकी मॉडल समझा था। उसने मैसेज करके तुषार को मिलने बुलाया। तुषार मिलने से कतरा रहा था। तुषार ने तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी और पैसे मांगे। शुरूआत में स्टूडेंट ने कुछ पैसे दिए। तुषार तब भी नहीं माना। उसने और पैसे मांगे। तंग आकर स्टूडेंट ने 13 दिसंबर 2024 को साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत की।

# साइंटिस्ट डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का निधन

- **1998 के पोखरण परमाणु टेस्ट में लीड किया**
- **पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित**

**नई दिल्ली.** भारत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का शनिवार तड़के निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधिकारी ने बताया कि तड़के 3 बजकर 20 मिनट पर मुंबई जसलोक अस्पताल में राजगोपाला ने अंतिम सांस ली।



देश में न्यूक्लियर वेपंस डेवलपमेंट में डॉ. राजगोपाला की सक्रिय भूमिका रही। 1974 के पोखरण टेस्ट में भी उनका अहम योगदान रहा। 1998 के पोखरण टेस्ट में उन्होंने साइंटिस्ट की टीम को लीड किया था। डॉ. राजगोपाला को 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. राजगोपाला के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹भारत की वैज्ञानिक और कूटनीतिक ताकत को मजबूत करने में डॉ. राजगोपाला की अहम भूमिका रही। वे भारत के परमाणु प्रोग्राम के निर्माताओं में से एक थे। आने वाली पीढ़ियां उनके किए कामों से प्रेरणा लेगी।₹

### महराजगंज में मस्जिद में घुसा तेंदुआ, लोगों ने पकड़कर मारा

**महराजगंज.** महराजगंज में तेंदुए के आतंक का मामला थम नहीं रहा है। शनिवार की सुबह लक्ष्मीपुर के मझौली स्थित एक मस्जिद में छत के रास्ते तेंदुआ घुस गया। मस्जिद में किताबें पढ़ रहे लोगों पर हमला बोलकर तेंदुए ने आतंक मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने दिलेरी दिखाकर तेंदुए को दबोच लिया और इस घटनाक्रम में तेंदुए की मौत भी हो गई। लक्ष्मीपुर के मझौली स्थित मस्जिद में लोग रोज सुबह पहुंचकर पढ़ते हैं। इनमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते हैं। शनिवार की सुबह रोज की तरह लोग मस्जिद में थे।

# पत्रकार को कुल्हाड़ी से काटा...सिर पर ढाई इंच गड्ढा

- **बीजापुर में हुआ मुकेश चंद्राकर का अंतिम संस्कार**
- **आरोपी के ठिकाने पर चला बुलडोजर**

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार की हत्या कर दी गई। रिपोर्टर मुकेश चंद्राकर की लाश रिश्तेदार के बैडमिंटन कोर्ट कैंपस में बने सेप्टिक टैंक में मिली है। लाश क छिपाने के बाद टैंक को 4 इंच कंक्रीट से ढलाई कर पैक कर दिया गया था।

शनिवार को मुकेश चंद्राकर का अंतिम संस्कार किया गया। जांच में पता चला कि, मुकेश चंद्राकर का पहले गला घोंटा गया। बाद में सिर पर कुल्हाड़ी मारी। इस हमले से मुकेश के सिर पर ढाई इंच गड्ढा हो गया। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रिश्तेदार सुरेश चंद्राकर के ठिकाने पर बुलडोजर भी चलाया गया है।

बीजापुर में हुई इस हत्या के बाद पत्रकारों में आक्रोश है। उन्होंने बीजापुर नेशनल हाइवे-63 पर 4 घंटे तक चक्काजाम किया। वहीं, रायपुर में भी धरना प्रदर्शन किया गया। पत्रकारों ने आरोपियों को फांसी देने की मांग की है। प्रियंका गांधी ने भी सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है।

### श्रावस्ती में युवक ने महिला को कुल्हाड़ी से काट कर मार डाला, खुद भी फांसी पर लटका

**श्रावस्ती.** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में युवक ने रिश्ते कत्ल कर खुद भी जान दे दी है। रुपये के लेनदेन के विवाद में एक युवक ने महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद युवक ने खुद भी फांसी के फंदे से लटकर अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली क्षेत्र भिनगा के अमराहवा गांव निवासी छांगुर पुत्र राम प्यारे का इसी गांव निवासी महिला संगीता सोनी पत्नी राजू के साथ रुपये की लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि आए दिन विवाद हो जाता था। इस क्रम में शनिवार सुबह छांगुर संगीता के घर पहुंचा था। कुछ बात हुई और विवाद होने लगा। काफी देर तक दोनों में कहासुनी होती रही। बात इतनी बढ़ी तो मारपीट तक आ गई। इस बीच छांगुर ने कुल्हाड़ी से संगीता की गर्नद पर वार कर दिया। संगीता गिर गई। इससे घटनास्थल पर ही संगीता की मौत हो गई।

### BSF की दिल छूने वाली पहल

भारत-बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मानवता की मिसाल पेश की है। BSF ने गुरुवार को एक बांग्लादेशी महिला को उसके मृत भारतीय भाई के अंतिम दर्शन कराने में मदद की। गंगुली गांव के पंचायत सदस्य ने मुस्तफापुर सीमा चौकी के कंपनी कमांडर को सूचित किया कि गांव के निवासी अब्दुल खालिद मंडल का निधन हो गया है। मंडल की बहन बांग्लादेश के सरदार बारिपोटा गांव में रहती हैं। उन्होंने अपने भाई को अंतिम बार देखने की इच्छा जताई। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी कमांडर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) से संपर्क किया। इसके बाद शून्य रेखा (इंटरनेशनल बॉर्डर) पर एक बैठक की व्यवस्था की गई।

# अजमेर दरगाह में चढ़ाई गई PM मोदी की चादर

- **केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा, कहा- देश में अच्छा माहौल चाहते हैं**

**अजमेर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजी गई चादर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चढ़ाई गई। अजमेर दरगाह विवाद के बीच शनिवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पीएम की ओर से भेजी गई चादर लेकर अजमेर पहुंचे। दरगाह पर उन्होंने देश में अमन-चैन, भाईचारे की दुआ मांगी। इसके बाद प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया।

इससे पहले जयपुर एयरपोर्ट पर रिजिजू ने कहा, 'पीएम मोदी की ओर से चादर चढ़ाना पूरे देश की ओर से चादर चढ़ाने जैसा है। हम देश में अच्छा माहौल चाहते हैं। अजमेर में दरगाह पर लाखों लोग आते हैं। उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ऐप और वेब पोर्टल लॉन्च किया गया। इस पर दरगाह पर मिलने वाली सुविधाओं से लेकर अन्य सभी तरह की जानकारियां मिलेंगी।

शहर काजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी और कमेटी के सदस्यों ने 1 जनवरी को उर्स का ऐलान किया था। इसके बाद बड़े पीर साहब की पहाड़ी से तोप के गोले दागे गए थे। दूसरे दिन 2 जनवरी की सुबह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार और बॉलीवुड की तरफ से चादर पेश की गई थी।

# सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे



- **पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी बनाई**
- **जडेजा-सुंदर नाबाद**
- **दूसरी पारी में स्कोर 141/6**

भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 145 रन आगे है। शनिवार को टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट खोकर 141 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद लौटे।

सिडनी में भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने 33 बॉल पर 61 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया। केएल राहुल और शुभमन गिल 13-13 रन बना सके। विराट कोहली ने 6 रन बनाए। स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके।

टी-ब्रेक से पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई। यहां इंडिया को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया से डेब्यू मैच खेल रहे ब्यू वेबस्टर ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 33 और सैम कोंस्टास ने 23 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।

#### सिडनी टेस्ट के लिए दोनों टीमें

**भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

# अंतरिक्ष में भेजा गया लोबिया 4 दिन में अंकुरित

- **स्पेडेक्स मिशन के साथ बीज भेजे थे**
- **ISRO ने तस्वीर जारी की, जल्द आएंगी पत्तियां**

**नई दिल्ली.** इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से SpaDeX यानी, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत PSLV-C60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किया गया।

इसके साथ भेजे गए POEM-4 (PSLV ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल) पर CROPS (कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) ने अंतरिक्ष में पहली बार जीवन अंकुरित करने में सफलता पाई है।

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) में डिजाइन किए गए CROPS ने महज 4 दिनों में लोबिया के बीज को माइक्रोग्रैविटी के जरिए अंकुरित किया। जल्द ही इसमें पत्तियां आने की उम्मीद है।

#### एक्सपेरिमेंट के लिए लोबिया को ही क्यों चुना

प्रयोग के लिए लोबिया (काउपी) के बीजों को चुना गया क्योंकि यह तेजी से अंकुरित होते हैं। इनमें सहनशीलता भी बेहद मजबूत होती है। यह पोषण महत्व वाला पौधा है। इस प्रयोग को अंतरिक्ष में भोजन उगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो भविष्य में चंद्रमा, मंगल या अन्य ग्रहों पर इंसान की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करेगा।

चेजर मॉड्यूल ने अंतरिक्ष में एक इन-ऑर्बिट स्पेस सेल्फी वीडियो रिकॉर्ड किया है। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में सटीक डॉकिंग को वैरिफाइ करना है, और यह वीडियो सबूत है कि मिशन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस वीडियो को तब रिकॉर्ड किया गया जब चेजर, टारगेट की तरफ बढ़ रहा था। 2 जनवरी को इसकी इंटर सैटेलाइट डिस्टेंस के तहत दूरी 4.8 किमी थी। दोनों स्पेसक्राफ्ट की डॉकिंग का रियल टाइम वीडियो भी जारी किया जाएगा।

# दिल्ली चुनाव- केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा लड़ेंगे

- **आतिशी के खिलाफ बिधूड़ी**
- **BJP की पहली लिस्ट में 29 नाम**
- **16 कैंडिडेट बदले, 13 रिपीट**

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में 29 नाम हैं। 16 सीटों पर कैंडिडेट बदले गए हैं जबकि 13 पर मौजूदा विधायकों को टिकट दी गई है।

नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। कालकाजी से आतिशी के खिलाफ भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। इसी सीट से कांग्रेस ने अलका लांबा को टिकट दिया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द होने वाला है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर कैंडिडेट घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी अब तक तीन लिस्ट में 48 उम्मीदवार उतारे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (AAP) ने 15 दिसंबर को सभी कैंडिडेट का ऐलान कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। CM आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। AAP ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है।

जलसंपदा विभाग, शासन निर्णय क्रमांक निविदा ०४१७/प्र.क्र. २४७/मोम-१/दि.३०/११/२०१८ चे प्रपत्र

**मृद व जलसंधारण विभाग**
**जिल्हा जलसंधारण अधिकारी**
**मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा, ठाणे. यांचे कार्यालय**
**कडा वसाहत, सहकार विद्यालयासमोर, जुना मुंबई-पुणे रोड, कळवा (प)**
**दूरध्वनी क्रमांक-022-25428127 ई-मेल ccmiladnt@gmail.com**

**ई-निविदा सुचना क्र.ब-१/५६/ सन २०२४-२५**

जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा-ठाणे, मृद व जलसंधारण विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून खालील कामांकरीता ब-१ नमुन्यातील निविदा सीलबंद लिफाफ्यात मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://www.mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावीत. निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा-अणे यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

**कामाचे नांव :-** १) मौजे-रे-सावरोली, ता. शहापूर, जि. ठाणे येथे सिमेंट कॉक्रीट बंधारा बांधणे.
निविदेची अंदाजित किंमत :- १) रु. ९८,८१,५९८/-
ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :- दिनांक : ०६/०१/२०२५ ते दिनांक २०/०१/२०२५.
ई-निविदा भरण्याचा कालावधी :- दिनांक : ०६/०१/२०२५ ते दिनांक. २१/०१/२०२५.
ई-निविदा उघडणे :- दिनांक : २२/०१/२०२५ (शक्य झाल्यास)
खालील ठिकाणी ई-निविदा बाबतची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.

१. संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in
(सदर निविदा सुचना मध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवर कळविण्यात येईल)
२. संकेतस्थळ जाहिरातीची माहिती http://www.cemilspn.in
3. जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, ठाणे यांचे कार्यालयातील सुचना फलकावर

जा.क्र.जिजअ/मृक्नवि/ठाणे/लेशा-१/३६४०/२०२४
दिनांक :- ३१.१२.२०२४
कार्यालय, जिल्हा जलसंधारण अधिकारी
मृद व जलसंधारण विभाग, कळवा-ठाणे

सही/-
**फरीद खान**
जिल्हा जलसंधारण अधिकारी
मृद व जलसंधारण विभाग
कळवा-ठाणे

## संक्षेप...

### कंपनी कार्यालय से नकद रुपए चोरी

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस हद ओवली गांव स्थित सत्यम स्क्वायर इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे अज्ञात चोरों ने कंपनी में प्रवेश कर 1 लाख 41 हजार 310 रुपये कैश चोरी कर रफूचक्कर हो गए. कंपनी मालिक विवेक विजय म्हात्रे ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.शिकायत के अनुसार, रात के समय चोरों ने कंपनी के दफ्तर में घुसकर आलमारी में रखी कैश चुरा ली.पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक भरत नलवे द्वारा की जा रही है.

# CM देवेंद्र फडणवीस का ड्रीम प्रोजेक्ट तैयार, जल्द होगा उद्घाटन

### मुंबई से नागपुर अब 8 घंटे का हुआ सफर

**मुंबई.** नए साल पर फडणवीस 3.0 सरकार ने महाराष्ट्र के लोगों को तोहफा दिया है. महाराष्ट्र का कायापलट करनेवाला समृद्धि महामार्ग का आखिरी फेज भी बनकर पूरा हुआ. 701 किलोमीटर लंबा समृद्धि महामार्ग फिलहाल नागपुर से इगतपुरी (625 किलोमीटर) तक ऑपरेशनल है जबकि इगतपुरी से मुंबई के बीच का 76 किलोमीटर का आखिरी चरण भी अब तैयार है. एक्सप्रेस वे के पूरा होने से मुंबई से नागपुर की दूरी अब 16 घंटे के बजाय 8 घंटे हो जाएगी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जल्द आखिरी फेज का उद्घाटन कर सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोजेक्ट को सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए गेम चेंजर बताया था. मुख्यमंत्री फडणवीस ने ड्रीम प्रोजेक्ट को साकार करने के लिए ₹सर्वश्रेष्ठ अभियंता पुरस्कार₹ और ₹राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार₹ से सम्मानित एक बेहद खास सिविल इंजीनियर को चुना. वर्तमान में महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (MSRDC) के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार बलीराम गायकवाड़ को प्रोजेक्ट की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई. बड़े- बड़े प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए जाने जाने वाले डॉ गायकवाड़ रोड डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन का चीफ इंजीनियर रहते



समृद्धि महामार्ग प्रोजेक्ट में अहम योगदान दे रहे थे.

#### नए साल का लोगों को तोहफा

प्रोजेक्ट पर पकड़ और काबिलियत को देखते हुए गायकवाड़ को रोड डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन में उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पद सौंपा गया. डॉ. गायकवाड़ ने करियर की शुरुआत से असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया. उन्होंने कई प्रमुख सरकारी भवनों, राष्ट्रीय राजमार्गों, तटीय परियोजनाओं और शहरी अवसंरचना के निर्माण और रखरखाव की देखरेख की. उनके कार्यों में बांद्रा-वर्सोवा सी लिंक, ठाणे क्रीक ब्रिज, और मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट जैसी प्रमुख परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनमें भारत की सबसे चौड़ी सुरंग बनाई गई है.

### समृद्धि महामार्ग की खासियत

- नागपुर और मुंबई को जोड़ने वाले 701 किलोमीटर लंबे, छह लेन वाले एक्सप्रेसवे में 65 फ्लाईओवर, 24 इंटरचेंज, छह सुरंगें, वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास हैं.
- देश का सबसे हाइटेक एक्सप्रेसवे 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया है.
- एक्सप्रेसवे पर कुल 30 फ्यूल स्टेशन का प्रावधान है. आपातकाल के लिए 21 एम्बुलेंस और 21 क्विक रिस्पांस व्हीकल्स तैनात की गई हैं.
- कसारा के पास 8 किलोमीटर लंबी जुड़वां टनल जर्मन तकनीक पर आधारित फूल वाटर मिस्ट सिस्टम से लैस है.
- आगजनी की घटना पर टनल में लगे सेंसर्स से वाटर स्प्रिंकलर एक्टिव होकर आग को तुरंत बुझा सकता है.
- टनल में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से लेकर वेंटिलेशन के लिए हाय स्पीड जेट फैंस इंस्टॉल किए गए हैं.
- वन्यजीवों को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस वे पर 80 से ज्यादा स्ट्रक्चर्स बनाए गए हैं.
- तकरीबन 67 हजार करोड़ रुपये की लागत वाले एक्सप्रेस वे से राज्य के 10 जिलों को डायरेक्ट और 14 जिलों को इनडायरेक्ट कनेक्टिविटी मिली है.
- एक्सप्रेसवे के पास 18 नए स्मार्ट टाऊन विकसित किए जाएंगे. इलाकों की खासियत के आधार पर इंडस्ट्रीज सेट अप की जाएंगी.
- समय और ईंधन की बचत के साथ इंडस्ट्रीज का ट्रांसपोर्ट फ्रेट कॉस्ट और युवाओं का पलायन भी कम होगा.
- नए रोजगार, उत्पादन क्षमता और सर्वांगीण आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी.
- पिछले दो सालों में एक्सप्रेस वे पर अब तक 1.52 करोड़ गाड़ियां सफर तय कर चुकी हैं. टोल फीस के रूप में 1100 करोड़ रुपये की कमाई.

# भिवंडी विकास आघाड़ी (एकता मंच) का पुन: आगाज

- सभी राजनीतिक दलों की उड़ी नींद

उल्हास विकास संवाददाता

### मनपा चुनाव में आघाड़ी दिखाएगी दमखम




**भिवंडी.** भिवंडी मनपा की शुरुआत काल से करीब 10 वर्षों तक मनपा की सत्ता पर पूर्ण दखल रखने वाली पूर्व महापौर जावेद दलवी की अगुवाई वाली भिवंडी विकास आघाड़ी (एकता मंच) फिर जोरशोर से दमदार आगाज कर सभी राजनीतिक दलों को चौंका दिया है. भिवंडी विकास आघाड़ी (एकता मंच) की ओर से भाजपा विधायक महेश चौघुले और विधायक शांताराम मोरे का सम्मान समारोह कर गौरव किया गया. उक्त मौके पर पूर्व शिक्षण सभापति व नगरसेवक प्रदीप राका, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आनंद गद्रे, शिवसेना शहर प्रमुख सुभाष माने, समाजवादी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष अजय यादव, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष सलाम नोमानी, शाफ मोमिन, तलहा मोमिन, प्रशांत लाड, ऋषिका प्रदीप राका और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि भिवंडी विकास आघाड़ी (एकता मंच) द्वारा फक्की सभागृह में आयोजित निर्वाचित विधायक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर जावेद दलवी ने कहा कि, भिवंडी शहर को यातायात जाम और पावरलूम समस्या से वर्षों से जूझना पड़ रहा है. विगत 2 वर्षों से प्रशासक राज होने से नागरिकों को समस्याओं का समाधान नहीं मिल पा रहा है. शहर के लोग बुनियादी,मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित होकर दुख भोग रहे हैं. प्रशासक राज में फैले भ्रष्टाचार से शहर का विकास ठप हो गया है.नागरिकों के जनहित मुद्दे को शासन तक पहुंचाने के लिए एक मंच का होना जरूरी है.उन्होंने बताया कि भिवंडी विकास मंच ने अपनी स्थापना के उपरांत वर्षों तक शहर के विकास में अहम योगदान दिया था. शहर के तमाम नागरिकों की बारंबार मांग पर मंच को दुबारा सक्रिय किया जा रहा है. विधायक महेश चौघुले ने कहा कि, जाति और धर्म से परे होकर शहरवासियों की समस्याओं का समाधान एवं जरूरतों को प्राथमिकता देंगे. विधायक शांताराम मोरे ने भी विकास कार्यों में सहयोग का वादा किया. विदित हो कि, 2001 में भिवंडी विकास आघाड़ी के निर्माण में तेजतर्रार जनप्रिय नेता स्व.यशवंत चौधरी एवं जावेद दलवी की प्रमुख भूमिका रही. भिवंडी विकास आघाड़ी ने 2002 और 2007 की मनपा चुनावों में 11 नगरसेवकों को जिता कर मनपा पहुंचा कर तमाम विरोधियों की नींद उड़ा दी थी. 2007 में जावेद दलवी महापौर बने थे. भिवंडी विकास आघाड़ी के नए आगाज से शहर में तमाम राजनैतिक दलों के अंकगणित बिगड़ना शुरू हो गया है.सूत्रों की माने तो,कांग्रेस,सपा पार्टी के अधिसंख्यक पूर्व नगरसेवक आगामी दिनों में विकास आघाड़ी का दामन थाम कर कांग्रेस,सपा को टाटा बाय बाय कहने की तैयारी में हैं.

### युवक पर 3 भाइयों का जानलेवा हमला

**भिवंडी.** भोईवाडा परिसर में मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया. 3 भाइयों ने एक युवक पर ईंटों और लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. लखन अंकुश जाधव ने अपने पड़ोसी पंकज पांडुरंग ढेले से कुछ पैसे उधार मांगे. इसी बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई. पंकज के दोनों भाई, लखन और विकी, वहां पहुंचे और तीनों ने मिलकर लखन जाधव पर जानलेवा हमला कर दिया.हमले में लखन जाधव को गंभीर चोटें आईं. आरोपियों ने गुस्से में आकर उसकी मोटरसाइकिल को भी बुरी तरह तोड़ दिया. घायल लखन को तुरंत आईजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्री सुभाष सीताराम तनावडे सभी को सूचित कर रहा हूं कि श्रीमती सुप्रिया सुभाष तनावडे का देहांत 13 अगस्त 2022 को हो गया है. उनके नाम पर वाहन 05 4114, 054114, 054114, 054114 जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त वाहन पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा श्री सुभाष सीताराम तनावडे के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्री सुभाष सीताराम तनावडे**
ई/1-1501, रोजमैरी योगीधाम फेस 3,
कल्याण 421301.

### आम सूचना

मैं श्रीमती वर्षा अनिल एंथोनी उर्फ वर्षा अनिलकुमार सिन्हा सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 501, पांचवा माला, राखी टावर, नेताजी चौक, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 49सीओ010737800) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिलकुमार आर. सिन्हा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 28.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती वर्षा अनिल एंथोनी उर्फ वर्षा अनिलकुमार सिन्हा**

### उबाठा की जिप व पंचायत समिति पदाधिकारियों की चिंतन बैठक संपन्न



**भिवंडी.** उबाठा की जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए तैयारी के मद्देनजर अजय नगर स्थित शिवसेना मध्यवर्ती कार्यालय में चिंतन बैठक आयोजित की गई. भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, विधानसभा चुनाव में तकनीकी तौर पर ईवीएम के माध्यम से विजय प्राप्त किया गया है. जनता के दिलों में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ही जीती है.

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है और आगामी जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में पूरी ताकत के साथ भगवा लहराना है. उक्त अवसर पर शिवसेना उपनेता व जिला ग्रामीण प्रमुख विश्वास थले, उपनेता ज्योति ठाकरे, सहसंपर्क प्रमुख सोन्या पाटील, तालुका प्रमुख कुंदन पाटील, भिवंडी ग्रामीण विधानसभा प्रमुख महादेव घाटाल, जिला उपप्रमुख कृष्णा वाकडे, इरफान भुरे समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे. विश्वास थले ने कहा कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों का आकलन करने के लिए जिला परिषद और पंचायत समिति स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी. सभी संभावित उम्मीदवारों और पदाधिकारियों को मतदाता सूचियों का गहन अध्ययन करना आवश्यक है.उन्होंने शाखा प्रमुखों और बूथ प्रमुखों को जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर देने की भी अपील की.बैठक में उप-तालुका प्रमुख और विभाग प्रमुखों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए.

# पेड़ों की कटाई को लेकर अधिकारियों को लिया आड़े हाथों

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** विधायक संजय केलकर ने मनपा के कई विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मनपा में कार्यरत कर्मचारियों व शहर में लगातार चल पेड़ो की कटाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को लिया आड़े हाथों।मनपा के टीडीआरएफ, स्वच्छता कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड सहित अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों के मुद्दे पर बातचीत कर इसका जल्द से निवारण करने के लिए कहा।अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त गोदापुरे, चिकित्सा अधिकारी उमेश बिरारी के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ में कर्मचारियों के लंबित मुद्दों पर चर्चा की।विधायक केलकर ने विश्वास व्यक्त किया कि सफाई कर्मियों के विरासत अधिकार को लेकर 8 जनवरी को कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी और लैड-पेज कमेटी द्वारा दी गयी सुनवाई को स्वीकार की जायेंगी। शिक्षा विभाग में तमाम शिक्षक 10 से 15 साल से तय वेतन पर काम कर रहे हैं और उन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है उन्हें सेवा में नियमित रखने का प्रस्ताव सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।मनपा में हर माह तमाम कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं और वर्तमान में करीब 4 से 5 हजार कर्मचारियों की कमी है। एक कर्मचारी चार कर्मचारियों का काम कर रहा है और कुछ अधिकारियों को एक से अधिक विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।साथ ही कर्मचारियों की भर्ती को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा किया।विधायक केलकर ने कहा कि जल्द ही इस संबंध में निर्णय लिया जायेगा और कर्मचारियों पर काम का बोझ कम किया जायेगा।कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल की नर्सों की कई शिकायतें हैं और कई सवाल सालों से लंबित पड़े हैं।इस संबंध में 7 तारीख को बैठक कर ठोस निर्णय लिया जायेगा।मनपा के डी श्रेणी के कर्मचारियों का प्रमोशन रोक दिया गया है और सहायक सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए महिलाओं को प्राथमिकता देने पर भी विचार किया जाना चाहिए।

### आम सूचना

मैं श्री सुंदर राजेश वाधियारा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 1, जय गजानंद कॉम्प्लेक्स, बैरक नं. 2005 के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 56डीआय021564000) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश एम. वाधियारा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुंदर राजेश वाधियारा**

### गुरु गोविंद सिंह जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शहर में स्थित तीन हात नाका गुरुद्वारा कमेटी की ओर से गुरु गोविंद सिंह की जयंती के निमित्त हर साल नगर कीर्तन का आयोजन किया जाता है।3 बजे से नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा से शुरुआत होकर नौपाडा,गावदेवी,तलाव पाली,चिंतामणि ज्वेलर्स से रात 8 बजे गुरुद्वारा पहुचीं।गुरुद्वारा अध्यक्ष गुरुमुख सिंह स्यान ने बताया कि गुरुवाणी ही अंतिम सत्य है और मानव सेवा ही लोकसेवा है।इस नगर कीर्तन में लगभग सात सौ लोगों ने हिस्सा लेकर गुरु का जस गायन किया।इसमें ठाणे, मुंबई, उल्हास नगर,कल्याण आदि से गुरु भक्तों ने भाग लिया।




### आम सूचना

मैं मिस प्रीति राजेंद्र मेश्राम सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, सम्राट अशोक नगर, बैरक नं. 1081 के पीछे, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 38बीओ007136700) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेंद्र घनश्याम मेश्राम के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 31.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस प्रीति राजेंद्र मेश्राम**

### भिवंडी में 6 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**भिवंडी.** काशी के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा 6 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री आत्म प्रकाश जन कल्याण सत्संग समिति ,भिवंडी द्वारा मंगलमूर्ति मैरेज ग्राउंड, दांडेकरवाडी कल्याण नाका के पास किया गया है.संस्था अध्यक्ष संजय पाटिल ने बताया कि उक्त कथा 6 जनवरी से 16 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक होगी.कथा के प्रथम दिन 6 जनवरी को शाम 5:00 बजे से भव्य शोभा यात्रा, निर्मल साइजिंग, सिटीजन हास्पिटल के सामने आगरा रोड से निकल कर कथा स्थल तक आएगी. पाटिल ने सभी भक्तों और कथा प्रेमियों से निवेदन किया है कि वह समय से कथा स्थल पर पहुंचकर स्वामी जी महाराज के मुखारविंदु से श्रीमद् भागवतकथा के श्रवण का आनंद प्राप्त कर सकते हैं.

# SST महाविद्यालय में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जयंती मनाई गई

**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सावित्रीबाई फुले के महान कार्य और त्याग की जानकारी देने के लिए विशेष व्याख्यान और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जहां उपस्थित मान्यवरों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।




कार्यक्रम में एनएसएस के ठाणे जिला समन्वयक एवं महाविद्यालय के उपप्राचार्य श्री जीवन विचारे, उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, उपप्राचार्य डॉ. संतोष करमानी, और कनिष्ठ महाविद्यालय के उपप्राचार्य श्री देविदास जलकोटे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सावित्रीबाई की शैक्षिक क्रांति की महत्ता समझाते हुए महिलाओं की शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

उपप्राचार्य श्री जीवन विचारे ने विद्यार्थियों को सावित्रीबाई के संघर्षमय जीवन से परिचित कराते हुए समाज सुधार के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा में समानता सुनिश्चित करने के लिए सावित्रीबाई फुले के विचारों का अनुकरण करने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम अधिकारी प्रा. योगेश पाटिल और डॉ. सुवर्णा अहिरे के मार्गदर्शन में किया। सावित्रीबाई फुले के आदर्शों से प्रेरित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

### आम सूचना

मैं श्रीमती संगीता रुपेश चौधरी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1081 के पीछे, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 38सीओ006893500) उक्त प्रॉपर्टी श्री दूधाराम नारायण सूर्यवंशी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 31.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती संगीता रुपेश चौधरी**

# उर्वशी रौतेला का नया गाना देख भड़के फैंस

- कहा- कोरियोग्राफी अश्लील और घटिया
- साउथ की डाकू महाराज के गाने में नंदमुरी बालाकृष्णा के साथ नजर आईं

हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ है। नए गाने में फिल्म के लीड एक्टर नंदमुरी बालाकृष्णा के साथ उर्वशी रौतेला डांस करती नजर आई हैं। हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स और फैंस इस गाने को अश्लील और घटिया कह रहे हैं।



उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से गाना रिलीज होने की अनाउंसमेंट की थी। वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, ये रहा इलेक्ट्रिफाइंग दबिड़ी दिबिड़ी का पूरा गाना हमारी मेगा पीरियड ड्रामा फिल्म डाकू महाराज से। मासेस ऑफ गॉड म्यूजिक थामन और नंदमुरी मालाकृष्णा की तरफ से ये एक परफेक्ट न्यू ईयर गिफ्ट है। एनर्जी एंजॉय कर सेलिब्रेट करें। फिल्म 12 जनवरी 2025 को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी।

गाना रिलीज होते ही कई यूजर्स गाने की कोरियोग्राफी और डांस स्टेप देखकर भड़क गए हैं। एक यूजर ने भड़ककर लिखा, बीते कुछ समय में देखी गई सबसे घटिया कोरियोग्राफी। दूसरे यूजर ने लिखा, कितनी बुरी कोरियोग्राफी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पहले ट्विटर) पर एक यूजर ने गाने का वीडियो शेयर कर लिखा है, दुनिया में मैंने ये क्या देख लिया। एक बड़ा आदमी उस लड़की के साथ भद्दा डांस कर रहा है, जो उसकी बेटी हो सकती थी। ऐसे जीनियस कोरियोग्राफी के आइडिया कैसे आते हैं और क्यों हीरो ऐसा करने के लिए राजी हो जाते हैं। बहुत घटिया।

उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099